# 'युवा दिवस पर मेवाड़ विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन'

**राजस्थान दर्शन**

**चित्तौड़गढ़।** युवा दिवस के अवसर पर युवाओं में वित्तीय जागरूकता उत्पन्न करने हेतु मेवाड़ विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय एवं बॉम्बे स्टॉक एक्सचेन्ज के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार (संगोष्ठी) का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ शिक्षा संकाय की प्राचार्या डॉ. अरूणा दुबे ने स्वागत उद्बोधन के द्वारा किया गया। उन्होंने अतिथियों का स्वागत करते हुऐ मेवाड़ विश्वविद्यालय के बारे में जानकारी देते हुऐ युवा दिवस के अवसर पर युवकों को शुभकामनाऐं दी तथा स्वामी विवेकानन्द की पंक्तियां ''उठो, जागो और तब तक नहीं रूको, जब तक लक्ष्य प्राप्ति न हो जाये'' के साथ संभागियों का अभिनन्दन किया।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता पगडंडी एज्युकेशन ग्रुप ऑफ कम्पनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती गायत्री जोषी रही, जिन्होने वित्तीय जागरूक रहकर अधिकतम बचत के अनुभव को साझा करते हुऐ इसके महत्व को समझाया एवं एसआईपी में निवेश करने की प्रक्रिया को सरल तरीके से समझाते हुऐ इसमें अधिकतम लाभ प्राप्त करने के सूत्र बताऐ। उन्होने निवेश सम्बन्धी खतरों पर प्रकाष डालते हुऐ निवेषकर्ता व निवेश सम्बन्धी खतरों पर प्रकाष डालते हुऐ, निवेशकर्ता को सदैव सावधान रहने के तरीके बताए। पगडंडी एज्युकेशन ग्रुप ऑफ कम्पनी के डायरेक्टर, श्रीमान हेमराज एस. जोशी ने युवाओं के युवा दिवस की शुभकामनाऐं देते हुऐ (बीएसई) की कार्य प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम का संचालन बी.एड. की छात्रा सुश्री अपूर्वा शर्मा, द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अन्त में असिस्टेन्ट प्रोफेसर लवीना चपलोत द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस कार्यक्रम में पगडंडी एज्युकेशन ग्रुप ऑफ कम्पनी की चीफ ऑपरेटिव ऑफिसर श्रीमती अल्का पारीक, एवं श्रीमती हेमलता शर्मा तथा मेवाड़ विश्वविद्यालय के प्राध्यापक श्री शिव लाल टेलर, श्री मनीष कुमार भट्ट श्रीमती मंजू चाष्टा, श्रीमती विमला प्रजापत, श्रीमती निरंजन माली व विभिन्न संकायों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मेवाड़ यूनिवर्सटी के शिक्षा संकाय की युवा दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

गंगरार | युवा दिवस पर मेवाड़ विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय की ओर से राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई। युवा दिवस पर युवाओं में वित्तीय जागरुकता के लिए विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय एवं बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार (संगोष्ठी) हुई। शिक्षा संकाय की प्राचार्या डॉ. अरुणा दुबे ने स्वागत किया। उन्होंने मेवाड़ विश्वविद्यालय के बारे में बताते हुए युवा दिवस पर युवकों को शुभकामनाएं दी। मुख्य वक्ता पगडंडी एजुकेशन ग्रुप ऑफ कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी गायत्री जोशी थीं। जिन्होंने वित्तीय जागरुकता के अनुभव साझा करते हुए इसका महत्व बताया। इसी संस्था के डायरेक्टर हेमराज एस जोशी ने युवा दिवस की शुभकामनाएं दी तथा बीएसई की कार्य प्रक्रिया के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन बीएड की छात्रा अपूर्वा शर्मा ने किया। अंत में असिस्टेंट प्रोफेसर लवीना चपलोत ने धन्यवाद ज्ञापित किया। पगडंडी एजुकेशन ग्रुप ऑफ कंपनी की चीफ ऑपरेटिव ऑफिसर अल्का पारीक एवं हेमलता शर्मा तथा मेवाड़ विश्वविद्यालय के प्राध्यापक शिवलाल टेलर, मनीषकुमार भट्ट, मंजू चाष्टा, विम्ला प्रजापत, निरंजन माली व विभिन्न संकायों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मेवाड़ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

युवा दिवस पर मेवाड़ विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय एवं बॉम्बे स्टॉक एक्सचेन्ज के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

शुभारम्भ शिक्षा संकाय की प्राचार्या डॉ. अरूणा दुबे ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने उठो, जागो और तब तक नहीं रूको, जब तक लक्ष्य प्राप्ति न हो जायें" के साथ संभागियों का अभिनन्दन किया।

मुख्य वक्ता गायत्री जोशी ने वित्तीय जागरूक रहकर अधिकतम बचत के अनुभव को साझा करते हुऐ इसके महत्व को समझाया एवं एसआईपी में निवेश करने की प्रक्रिया को सरल तरीके से समझाते हुए। इसमें अधिकतम लाभ प्राप्त करने के सूत्र बताएं। हेमराज एस. जोशी ने युवाओं के युवा दिवस की शुभकामनाएं देते हुएं(बीएसई) की कार्य प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया।

संचालन बी.एड. की छात्रा अपूर्वा शर्मा, द्वारा किया गया। अन्त में असिस्टेन्ट प्रोफेसर लवीना चपलोत ने आभार जताया।

## युवा दिवस पर मेवाड़ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी

गंगरार, 12 जनवरी (उसं.)। युवा दिवस के अवसर पर युवाओं में वित्तीय जागरुकता उत्पन्न करने के लिए मेवाड़ विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय एवं बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता पगडंडी एज्यूकेशन ग्रुप ऑफ कम्पनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी गायत्री ने अधिकतम बचत के अनुभव को साझा करते हुऐ वित्तीय व्यवस्था के महत्व को समझाया। इसके साथ ही उन्होंने एसआईपी में निवेश करने की प्रक्रिया को सरल तरीके से समझाते हुऐ इसमें अधिकतम लाभ प्राप्त करने के सूत्र बताये। उन्होंने निवेश सम्बन्धी खतरों पर प्रकाश डालते हुए निवेशकर्ता को हमेशा सावधान रहने के तरीके बताए। पगडंडी एज्यूकेशन ग्रुप ऑफ कम्पनी के डायरेक्टर हेमराज एस जोशी ने युवाओं को बीएसई की कार्य प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के प्रारंभ में शिक्षा संकाय की प्राचार्या डॉ. अरूणा दुबे ने अतिथियों का स्वागत करते हुऐ विश्वविद्यालय के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में पगडंडी एज्युकेशन ग्रुप ऑफ कम्पनी की चीफ ऑपरेटिव ऑफिसर अल्का पारीक, हेमलता शर्मा, विश्वविद्यालय के प्राध्यापक शिवलाल टेलर, मनीष कुमार भट्ट, मंजू चाष्टा, विमला प्रजापत, निरंजन माली व विभिन्न संकायों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।